कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा / प्रारं / शि.प्र. / 19208 / SIQE / 15 / दिनांक 5/6/2015

प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त

विषयः– स्टेट इनिसिएटिव फॉर क्वालिटी ऐज्यूकेशन (SIQE) के क्रियान्वयन के संबंध में।
प्रसंगः– रामाशिप / जय / 20014–15 / 12106 दिनांक 03.06.15

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में समस्त समन्वित राजकीय उच्च माध्यमिक / माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 10 / 12 तक संचालित) में कक्षा 1 से 5 में गुणवता शिक्षण एवं विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में गुणात्मक सुधार हेतु स्टेट इनिसिएटिव फॉर क्वालिटी ऐज्यूकेशन (SIQE) परियोजना के क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) से संबंधित गाइड लाइन सलंग्न है। तदानुसार पालना सुनिश्चित करे।

सलंग्नः– उपरोक्तानुसार

निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा राजसथान,
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

01. शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा एवं आयुक्त राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद, जयपुर को प्रासंगिक पत्र के क्रम में सूचनार्थ।
02. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (SIERT) उदयपुर।
03. समस्त उपनिदेशक (प्रारम्भिक शिक्षा)
04. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक शिक्षा)
05. सिस्टम एनालिस्ट, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान बीकानेर को प्रेषित कर लेख है कि शासन सचिव महोदय, माध्यमिक शिक्षा एवं आयुक्त, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार संलग्न गाइड लाइन आदर्श विद्यालयों की गाइड लाइन के साथ ही विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करवावें।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रशिक्षण)
प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

State Initiative for Quality Education : (SIQE)

कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के लिए दिशा– निर्देश

राज्य में संचालित, समन्वित राजकीय उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 12 एवं कक्षा 1 से 10 तक) में कक्षा 1 से 5 तक में, विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर उन्नयन के उद्देश्य से, 'स्टेट इनिशिएटिव फॉर क्वालिटी एज्यूकेशन' परियोजना प्रारम्भ की गयी है।

1. परियोजना के उद्देश्य :–

1.1 राज्य के समन्वित राजकीय उच्च माध्यमिक/माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 1 से 10 एवं 1 से 12) में अध्ययनरत कक्षा 1 से 5 तक विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में गुणात्मक वृद्धि सुनिश्चित करना।

1.2 बाल केन्द्रित शिक्षण विधा (Child Centered Pedagogy)तथा सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन (CCE) के समन्वित क्रियान्वयन द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी के अधिगम स्तर एवं उपलब्धि को सुनिश्चित करना।

1.3 प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की Transition Rate में उच्चतम स्तर तक सुधार लाना।

1.4 विद्यालय में कक्षा 1 से 5 में नामांकित सभी विद्यार्थियों का, उनकी आयु व कक्षा के अनुरूप, शैक्षिक स्तर सुनिश्चित करना।

1.5 विद्यालयों में बाल केंद्रित शिक्षण विधा के क्रियान्वयन के लिए सभी शिक्षकों का क्षमतावर्धन करना।

1.6 विद्यालय प्राचार्य एवं प्रभारी प्रारम्भिक शिक्षा को अकादमिक सहयोग कर्त्ता के रूप में तैयार करना।

1.7 जिला शैक्षिक योजना के निर्माण, संचालन एवं समीक्षा हेतु जिला स्तर पर अकादमिक समूहों को तैयार करना एवं क्षमता वर्धन करना।

2. SIQE परियोजना मे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की भूमिका –

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट जिले की शीर्ष अकादमिक संस्था हैं। परियोजना के संचालन हेतु जिले में शैक्षिक प्रबोधन व मॉनीटरिंग के लिये डाइट की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। अतः डाइट हेतु निम्न दिशा निर्देश जारी किये जाते हैं –

2.1 शिक्षक प्रशिक्षण –

2.1.1 समन्वित विद्यालयों में संचालित कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों को CCE का प्रशिक्षण ग्रीष्मावकाश में दिया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान निम्न व्यवस्था सुनिश्चित करें।सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 154 ब्लॉक्स के समस्त राजकीय विद्यालयों की प्राथमिक कक्षाओं में CCE व्यवस्था का संचालन इस वर्ष से सुनिश्चित किया जा रहा है।

2.1.2 सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत, CCE में चयनित, प्रारम्भिक शिक्षा के विद्यालयों के कक्षा 1 से 5 में शिक्षण करवाने वाले शिक्षकों के प्रशिक्षण डाइट्स द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं। समन्वित राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों की कक्षा 1 से 5 में भी समान स्तर पर SIQE कार्यक्रम के अन्तर्गत CCE पद्धति लागू की जायेगी। अतः ग्रीष्मावकाश में आयोजित हो रहे CCE प्रशिक्षण कार्यक्रमों में राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को भी (प्राथमिक कक्षाओं के) अनिवार्य रूप से सम्मिलित करें।

2.1.3 103 ब्लॉक के समन्वित विद्यालयों के प्राथमिक कक्षा के शिक्षकों हेतु CCE प्रशिक्षण संबंधित जिले की डाइट्स के माध्यम से किया जायेगा।

2.1.4 इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर होने वाला व्यय डाइट हेतु वित्तीय वर्ष 2015–16 में शिक्षकों हेतु प्रशिक्षण मद में आवंटित राशि में से किया जाये। प्रशिक्षण डाइट के लिये निर्धारित व्यय मानदण्डों में से किया जाये।

2.1.5 प्रशिक्षण हेतु विस्तृत कार्ययोजना व निर्देश SIERT द्वारा जारी किये जायें। समस्त प्रशिक्षण 25 जून, 2015 तक आवश्यक रूप से संपादित किये जायें।

2.1.6 प्रशिक्षण मॉड्यूल एवं प्रशिक्षण समय विभाग चक्र आदि सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत आयोजित प्रशिक्षण के अनुसार ही किया जाये।

2.2 मॉनीटरिंग, समर्थन एवं प्रबोधन –

SIQE परियोजना के क्रियान्वयन व संचालन के लिये जिला कोर ग्रुप (District Core Group) का गठन किया गया हैं। (आदेश संलग्न)

प्रधानाचार्य, डाइट जिला कोर ग्रुप के सदस्य है। अतः जिले में अकादमिक समर्थन एवं प्रबोधन में डाइट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस हेतु डाइट द्वारा निम्न कार्य संपादित किये जायें –

2.2.1 डाइट प्रधानाचार्य जिला कोर ग्रुप की बैठक में आवश्यक रूप से सम्मिलित हों।

2.2.2 डाइट में कार्यरत एक शिक्षा अधिकारी को SIQE का नोडल प्रभारी नियुक्त किया जाये तथा सम्बन्धित का नाम व मोबाईल नं. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर, आयुक्त, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद,जयपुर एवं निदेशक, एस.आई. ई.आर.टी. उदयपुर को प्रेषित की जाये।

2.2.3 डाइट के प्रधानाचार्य व SIQE नोडल प्रभारी के लिये SIERT उदयपुर द्वारा आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जायें जिसमें प्रत्येक डाइट के प्रधानाचार्य व SIQE नोडल प्रभारी आवश्यक रूप से सम्मिलित हों। जिलो में ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली कार्यशालाओं में डाइट से विषय विशेषज्ञ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।

2.2.4 डाइट द्वारा प्रतिमाह की जाने वाली फील्ड विजिट में सम्बन्धित विद्यालयों को भी सम्मिलित किया जाये। इसके लिए जिले के समस्त समन्वित राजकीय माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों (जहां कक्षा 1 से 5 संचालित है) की सूची RMSA जिला कार्यालय से प्राप्त की जाये। डाइट में कार्यरत स्टाफ को बराबर संख्या में विद्यालय आवंटित किये जाये। डाइट के प्रत्येक व्याख्याता/वरिष्ठ व्याख्याता को 15–20 विद्यालयों का शैक्षणिक प्रभारी बनाया जाये। शैक्षणिक प्रभारी फील्ड विजिट के दौरान स्वयं को आवंटित विद्यालयों का भी अवलोकन करें तथा कक्षा 1 से 5 के शिक्षकों को आवश्यक समर्थन प्रदान करें साथ ही कक्षा कक्ष में बाल केन्द्रित शिक्षण (CCP) व सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन पद्धति (CCE) की क्रियान्वित सुनिश्चित करवाये।

2.2.5 डाइट में प्रति अधिकारी द्वारा प्रतिमाह कम से कम 2 विद्यालयों का अवलोकन आवश्यक रूप से किया जाये एवं प्रतिवेदन SIERT उदयपुर, निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा बीकानेर एवं जिला कार्यालय माध्यमिक शिक्षा सम्बन्धित जिलो को प्रेषित किया जाये।

2.3 विद्यालय स्तरीय मूल्यांकन का सत्यापन –

SIQE परियोजना के अन्तर्गत कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का बेस लाइन, मिड टर्म व एण्ड लाइन मूल्यांकन एवं डेटा फीडिंग एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। मूल्यांकन के सत्यापन का कार्य डाइट में अध्ययनरत शिक्षक विद्यार्थियों (STC Students) द्वारा किया जायेगा। अतः विद्यालय स्तरीय मूल्यांकन का सत्यापन निम्नानुसार संपादित करावें –

2.3.1 वर्ष में दो बार बेस लाइन मूल्यांकन व एण्ड लाइन मूल्यांकन का सत्यापन डाइट में अध्ययनरत शिक्षक विद्यार्थियों द्वारा किया जाये।

2.3.2 एस.टी.सी के शिक्षक विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम मे सत्र में 7 दिवस की फील्ड विजिट सम्मिलित है। ये 7 दिवस इस गतिविधि को संपादित करने हेतु नियोजित किये जायें। प्रत्येक शिक्षक विद्यार्थी को 3 से 4 विद्यालय आवंटित किये जायें।

2.3.3 शिक्षक विद्यार्थी से प्राप्त रिपोर्ट अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (RMSA) को प्रेषित की जायें।

2.3.4 सत्यापन हेतु प्रारूप व प्रपत्र (Tools) राज्य शैक्षिक समूह (SAG) के माध्यम से उपलब्ध करवाया जायेगा। मूल्यांकन से पूर्व शिक्षक विद्यार्थियों का आमुखीकरण, डाइट स्तर पर किया जायेगा। बेस लाइन एवं एण्ड लाइन मूल्यांकन का प्रस्तावित कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

क्र.स.	गतिविधि	प्रस्तावित तिथि
1	बेसलाइन मूल्यांकन का सत्यापन	15 से 20 जुलाई 2015
2	फीडिंग हेतु रिपोर्ट अति.जि.प.स. को उपलब्ध करवाना।	25 जुलाई 2015
3	एण्ड लाइन मूल्यांकन का सत्यापन	15 से 20 मार्च 2016
4	फीडिंग हेतु रिपोर्ट अति.जि.प.स. को उपलब्ध करवाना।	25 मार्च 2016

अतः उपरोक्तानुसार जिला कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित कर गतिविधियां सम्पादित करवाई जायें।

SIQE परियोजना प्रारम्भिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में वृद्धि करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डाइट की सक्रिय भूमिका ही जिले में प्रारम्भिक शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित कर सकेगी।

निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर।